# दौसा में वार्ड 1, 35 तथा 40 पर रहेगी भाजपा व कांग्रेस की नजर

**दौसा** (निसं.)। दौसा जिले की 2 नगर परिषद तथा 9 नगर पालिकाओं के 325 वार्डो की लॉटरी सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में दो अलग-अलग छात्राओं द्वारा निकाली गई। इधर लॉटरी प्रक्रियापूर्ण होने के साथ ही नगरीय राजनीति में उबाल आ गया है तथा अधिकांश नेता सक्रिय हो गये है। जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में सोमवार को नगर परिषद दौसा के 55 वार्डो के लिए लॉटरी निकाली गई। 55 वार्डो में से 7 वार्ड एससी सामान्य वर्ग, 4 वार्ड एससी महिला, 4 वार्ड एसटी सामान्य, 2 वार्ड एसटी महिला, 6 वार्ड ओबीसी सामान्य, 3 वार्ड ओबीसी महिला, 19 वार्ड सामान्य तथा 10 वार्ड सामान्य महिला के आरक्षित किये गये है। नगर परिषद


दौसा नगर परिषद के 55 वार्डों की लाटरी निकाली।

दौसा का वार्ड 1 ओबीसी महिला, वार्ड 2 ओबीसी सामान्य, वार्ड 3 सामान्य महिला, वार्ड 4 सामान्य, वार्ड 5 सामान्य महिला, वार्ड 6 ओबीसी सामान्य, वार्ड 7 सामान्य, वार्ड 8 सामान्य महिला, वार्ड 9 एसटी सामान्य, वार्ड 10 ओबीसी सामान्य, वार्ड 11 एसटी महिला, वार्ड 12 एसटी सामान्य, वार्ड 13 एसटी महिला, वार्ड 14 सामान्य, वार्ड 15 ओबीसी सामान्य, वार्ड 16 सामान्य, वार्ड 17 सामान्य, वार्ड 18 सामान्य, वार्ड 19 सामान्य, वार्ड 20 ओबीसी सामान्य, वार्ड 21 सामान्य, वार्ड 22 एसटी सामान्य, वार्ड 23 सामान्य, वार्ड 24 एससी सामान्य, वार्ड 25 सामान्य महिला, वार्ड 26 ओबीसी सामान्य, वार्ड 27 सामान्य, वार्ड 28 सामान्य महिला, वार्ड 29 एससी महिला, वार्ड 30 सामान्य महिला, वार्ड 31 सामान्य, वार्ड 32 सामान्य, वार्ड 33 सामान्य, वार्ड 34 सामान्य, वार्ड 35 ओबीसी महिला, वार्ड 36 सामान्य महिला, वार्ड 37 एससी सामान्य, वार्ड 38 एससी महिला, वार्ड 39 सामान्य महिला, वार्ड 40 ओबीसी महिला, वार्ड 41 सामान्य, वार्ड 42 एससी महिला, वार्ड 43 एससी सामान्य, वार्ड 44 सामान्य, वार्ड 45 सामान्य, वार्ड 46 एससी सामान्य, वार्ड 47 एससी सामान्य, वार्ड 48 एसटी सामान्य, वार्ड 49 सामान्य, वार्ड 50 एससी सामान्य, वार्ड 51 एससी महिला, वार्ड 52 सामान्य महिला, वार्ड 53 सामान्य, वार्ड 54 सामान्य महिला तथा वार्ड 55 एससी सामान्य के लिए आरक्षित किया गया है। दौसा नगर परिषद का सभापति ओबीसी महिला के लिए आरक्षित है। ऐसे में वार्ड 1, वार्ड 35 एवं वार्ड 40 से जीत कर आने वाली ओबीसी महिला की सभापति की दावेदार रहेगी। पूर्व में आरक्षित वर्ग का प्रत्याशी किसी भी वार्ड से चुनाव जीतकर आने पर सभापति एवं पालिका अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी ठोंक देता था।

■ **दौसा नगर परिषद का सभापति ओबीसी महिला के लिए आरक्षित है। ऐसे में वार्ड 1, वार्ड 35 एवं वार्ड 40 से जीत कर आने वाली ओबीसी महिला की सभापति की दावेदार रहेगी।**

## डॉ. रवि बंसल व डॉ. खुशबू अग्रवाल सम्मानित

**पावटा।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा परिसर में आयोजित उपखंड स्तरीय समारोह में चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान उपजिला अस्पताल पावटा की डॉ. खुशबू अग्रवाल को उपखंड स्तर पर तथा उपजिला अस्पताल पावटा के प्रभारी डॉ. रवि बंसल को जिला स्तर पर उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में सम्मानित किए गए दोनों चिकित्सकों के कार्यों की सराहना करते हुए उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। चिकित्सा सेवाओं के क्षेत्र में मरीजों को बेहतर उपचार एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने, अस्पताल की व्यवस्थाओं को प्रभावी बनाने तथा आमजन को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाने में उनके योगदान को उल्लेखनीय माना गया। स्वतंत्रता दिवस जैसे महत्वपूर्ण अवसर पर सार्वजनिक मंच पर मिले इस सम्मान से चिकित्सा विभाग एवं उपजिला अस्पताल पावटा के कर्मचारियों में भी उत्साह का माहौल रहा।

■ **डॉ. खुशबू अग्रवाल को उपखंड स्तर पर उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया**

## हत्या के प्रयास में वांछित 5 आरोपी पकड़े

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशन में चलाय जा रहे वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत उनियारा वृताधिकारी अशोक कुमार व सोप थानाधिकारी राजकुमार के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये थाना में दर्ज हत्या के प्रयास में चार माह से फरार आरोपी बाबूलाल गुर्जर, राजाराम गुर्जर, मुरली गुर्जर, हनुमान गुर्जर व महेश कुमार गुर्जर को रविवार को गिरफ्तार किया गया है। सोप थानाधिकारी ने बताया 28 अप्रेल को देर सांय मुकेश कुमार पुत्र रामकल्याण जो भगवान की पूजा अर्चना कर रहा था, वहां आये महेश, राजाराम, हनुमान, मुरली, बाबूलाल, रामस्वरूप, करूना, बदाम, सारदा, रामबाई, देवनारायण निवासी गलवानिया ने लेन ेन के मामले में मुकेश व मनीष के साथ लोहे के सरिया से सिर पर वार कर दिया।

## दौसा रेलवे स्टेशन पर सघन चैकिंग अभियान



*एसआर डीसीएम जेपी एवं डीसीएमजेपी के मार्गदर्शन में दौसा स्टेशन पर सघन जांच अभियान में विशेष चैकिंग की गई, जिस दौरान 'डीसीटीआई जयपुर एवं 30 चेकिंग स्टाफ, 14 स्टाफ मौजूद रहे। चेक के दौरान 324 बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा करने वाले यात्रियों से कुल 193755 की आय अर्जित की। इस दौरान कुल 17 ट्रेन की संघनता से जांच की गई, जिससे जेपीडीआईवी के स्टेशनों की खिडकी सेल में बढ़ोतरी हुई है।*

# लगातार चोरियों से दहशत में पावटा व विराटनगर क्षेत्र, फिर दो जगह चोरी

**पावटा** । प्रागपुरा व विराटनगर थाना क्षेत्र में लगातार सामने आ रही चोरी की वारदातों ने आमजन की नींद उड़ा दी है। चोर बेखौफ होकर मकानों को निशाना बना रहे हैं और पुलिस की गश्त एवं सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। हालात यह हैं कि एक वारदात का खुलासा और आरोपियों की गिरफ्तारी होने से पहले ही दूसरी चोरी की घटना सामने आ जाती है। हाल ही में कल्याणपुरा क्षेत्र में एक ही रात में चार-पांच मकानों में चोरों ने सेंध लगाकर लाखों रुपये की नकदी और आभूषण चोरी कर लिए। चोरों ने सुनसान और बंद मकानों को निशाना बनाया और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। घटना के बाद ग्रामीणों में भय का माहौल है।

इसी तरह सोमवार भांकरी निवासी सोहनलाल पुत्र रिछपाल ने मामला दर्ज करवाया कि बीती रात अज्ञात चोरों ने मेरी पत्नी के सोने, चांदी के गहने सहित 5 हजार रूपये नकदी लेकर फरार हो गए। वही विराटनगर थाना क्षेत्र के श्यामपुरा निवासी हरफूल रातावाल ने मामला दर्ज करवाया है कि अज्ञात चोर मकान के पीछे स्थित कमरे का जंगला तोड़कर अंदर दाखिल हुए। इसके बाद चोरों ने कमरे की अंदर से कुंडी लगा दी और अलमारी व बेड में रखे सोने-चांदी के आभूषण, नकदी सहित अन्य कीमती सामान समेटकर फरार हो गए।

सुबह परिवार के लोगों को चोरी का पता चला तो कमरे की कुंडी अंदर से लगी मिली। जंगला टूटा हुआ देखकर परिजनों के होश उड़ गए। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ठाामीण मौके पर एकत्र हो गए। ठाामीणों ने नारेबाजी कर विरोध जताया और पुलिस प्रशासन से चोरी की वारदात का जल्द खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। ठाामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन वारदातों पर प्रभावी अंकुश नहीं लग पा रहा है। इससे पुलिस की रात्रि गश्त व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। ठाामीणों ने पुलिस से रात में गश्त बढ़ाने और चोरियों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। क्षेत्र में पहले भी लगातार चोरी की घटनाएं सामने आती रही हैं। कहीं मकान के ताले टूट रहे हैं तो कहीं दुकानों और प्रतिष्ठानों को चोर निशाना बना रहे हैं। रात के समय संदिग्ध गतिविधियां बढ़ने के बावजूद प्रभावी पुलिस गश्त नजर नहीं आने से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं ने पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया है। ठाामीणों का कहना है कि पुलिस की गश्त केवल कागजों तक सीमित दिखाई दे रही है। यदि रात के समय नियमित और प्रभावी गश्त होती तो चोरों के हौसले इतने बुलंद नहीं होते। सबसे बड़ा सवाल यह है कि एक के बाद एक चोरी की घटनाएं होने के बावजूद पुलिस अपराधियों तक क्यों नहीं पहुंच पा रही है? क्या पुलिस ने संवेदनशील इलाकों को चिह्नित कर रात्रिकालीन गश्त बढ़ाई है? क्या पुराने चोरी के मामलों में सक्रिय अपराधियों की निगरानी की जा रही है? ऐसे कई सवाल अब आमजन पुलिस प्रशासन से पूछ रहा है। चोरी की घटनाओं ने लोगों को अपने घरों की सुरक्षा को लेकर चिंतित कर दिया है। ठाामीणों का कहना है कि यदि हालात इसी तरह रहे तो लोगों को रात में अपने घरों और प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए खुद पहरा देना पड़ेगा। पुलिस प्रशासन को महज वारदात के बाद मौके पर पहुंचने के बजाय वारदात रोकने की रणनीति पर काम करना होगा। हर चोरी के बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू करने की औपचारिकता से आमजन को सुरक्षा का भरोसा नहीं मिल सकता। पुलिस को चोरी की घटनाओं का पैटर्न खंगालकर सक्रिय चोर गिरोहों की पहचान करनी होगी। साथ ही रात में नियमित गश्त, संदिग्ध वाहनों की जांच और संवेदनशील गांवों में पुलिस की मौजूदगी बढ़ानी होगी। पुलिस प्रशासन पर टिकी हैं। चोरों के हौसले बुलंद हैं या पुलिस की निगरानी कमजोर-इसका जवाब अब कार्रवाई से ही मिलेगा। लोगों की मांग है कि चोरी की घटनाओं का शीघ्र खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए और क्षेत्र में ऐसी व्यवस्था बनाई जाए, जिससे भविष्य में चोरों को वारदात करने से पहले कई बार सोचना पड़े।

■ **एक ही रात में कई मकानों को बनाया निशाना, नकदी और लाखों के आभूषण पार**



चोरी के विरोध में ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया।

## चौमूं नगर परिषद के 45 वार्डों की आरक्षण लॉटरी निकाली

**चौमूं / कालाडेरा** । चौमूं नगर परिषद के 45 वार्डों व कालाडेरा नगर पालिका के 20 वार्डों के पार्षदों की आरक्षण की लॉटरी सोमवार को निकाली गई। चौमूं नगर परिषद में निकाय चुनाव के लिए वार्ड पार्षदों के आरक्षण प्रक्रिया के बाद नगर परिषद के सभी 45 वार्डों के लिए अलग-अलग श्रेणियों में आरक्षण तय हो गया है। जारी लॉटरी के अनुसार सामान्य जनरल वार्ड,2,3,4,9,11,14,20,21,22,23,24,25,26,30,31,32,34,37,43,44,45 तक सामान्य महिला ठ I I ड 5,6,8,10,12,13,19,28,29,42 तक ओबीसी वार्ड 1,15,17,18,27,35 तक ओबीसी महिला वार्ड 16,36,41 तक एस सी वार्ड 33,38,40 तक एस सी महिला वार्ड 39 व एस टी का वार्ड 7 की लॉटरी निकल ली है।

वहीं कालाडेरा नगर पालिका के 20 वार्डों की आरक्षण लॉटरी के अनुसार सामान्य जनरल के वार्ड 1,3,6,7,8,10,11,18 तक सामान्य जनरल महिला के वार्ड 2,13,17,20 तक ओबीसी वार्ड 14,15,16 तक ओबीसी महिला वार्ड 12 व एस सी वार्ड 5,9,तक एस सी महिला वार्ड 20 एवं एस टी की वार्ड 4 में लॉटरी निकाली गई। लॉटरी के जारी होने के साथ ही चौमूं व कालाडेरा में चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं।

## भूमि परीक्षण के लिए मिट्टी का नमूना लिया

**सांभरझील,** (निसं) । आलमपुरा, निर्वानों का मौहल्ला, बरडोटी मोहल्ला, शहीद पूनम चंद मार्ग, खटीकों की हताई व इसके नीचे की तमाम बस्तियों के लोगों को पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने के लिए निवर्तमान सरकार ने मंजूरी दी थी उसकी क्रियान्वित के पहले चरण में आज जलदाय विभाग के एक्सईएन मदन लाल मीणा, सहायक अभियंता राम सिंह गुर्जर व कनिष्ठ अभियंता अंजलि नागरवाल पुराने जेल परिसर में पहुंचे तथा उच्च जलाशय निर्माण हेतु जेसीबी की मदद से दो गहरे गड्ढे खुदवा कर भूमि का परीक्षण किए जाने हेतु मिट्टी के नमूने उठाए। बताया जा रहा है कि झांसी पुट आने के बाद जिला से निर्माण का काम शुरू हो सकेगा। बता दे की निवर्तमान सरकार की ओर से मंजूर की गई करीब 5 करोड़ 49 लाख रुपए की पेयजल योजना स्वीकृति थी। यह बात अलग है कि अब इस योजना को अमृत जल योजना के नाम से तब्दील कर दिया गया है। योजना के अंतर्गत तमाम पुरानी पेयजल लाइनों को बदला जाना है जो विगत कई दशकों से जर्जर हो चुकी है।

# नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 के लिए वार्डवार आरक्षण की लॉटरी निकली

**भरतपुर** । नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 के मद्देनजर जिले के नगरीय निकायों के वार्डों के आरक्षण निर्धारण की लॉटरी प्रक्रिया जिला कलक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कमर चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में जनप्रतिनिधियों एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। लॉटरी परिणाम के माध्यम से जिले के विभिन्न नगरीय निकायों के वार्डों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, सामान्य तथा संबंधित महिला श्रेणियों के लिए आरक्षण का निर्धारण किया गया है। इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद मृदुल सिंह, अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन राजीव शर्मा, शहर राहुल सैनी, एसडीएम वैर आलोक सिंह, भरतपुर भारती गुप्ता, चुनाव शाखा के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी हेमन्त शर्मा सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। नगर निगम भरतपुर के कुल 65 वार्डों के लिए जारी लॉटरी परिणाम में विभिन्न श्रेणियों का निर्धारण किया गया है। वार्ड संख्या 1 को अनुसूचित जनजाति, वार्ड 2 को सामान्य, वार्ड 3 एवं 4 को अनुसूचित जाति, वार्ड 5 को सामान्य तथा वार्ड 6 को सामान्य महिला के लिए निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में वार्ड 7 और 8 सामान्य, वार्ड 9 अनुसूचित जाति महिला, वार्ड 10 अनुसूचित जाति, वार्ड 11 सामान्य, वार्ड 12 सामान्य महिला, वार्ड 13 एवं 14 अनुसूचित जाति तथा वार्ड 15 अनुसूचित जाति महिला के लिए निर्धारित है। वार्ड 16 अनुसूचित जाति तथा वार्ड 17 एवं 18 सामान्य महिला श्रेणी में हैं। भरतपुर नगर निगम में वार्ड 19 अन्य पिछड़ा वर्ग, वार्ड 20 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड 21 सामान्य, वार्ड 22 अन्य पिछड़ा वर्ग, वार्ड 23 सामान्य महिला, वार्ड 24 सामान्य तथा वार्ड 25 सामान्य महिला के लिए निर्धारित किया गया है। वार्ड 26 सामान्य, वार्ड 27 अन्य पिछड़ा वर्ग, वार्ड 28 अनुसूचित जाति महिला, वार्ड 29 एवं 30 अन्य पिछड़ा वर्ग, वार्ड 31 सामान्य तथा वार्ड 32 सामान्य महिला श्रेणी में हैं। वार्ड 33 सामान्य तथा वार्ड 34 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के लिए निर्धारित है।


वार्ड 35 अनुसूचित जाति, वार्ड 36 अन्य पिछड़ा वर्ग, वार्ड 37, 38 एवं 39 अनुसूचित जाति तथा वार्ड 40 अनुसूचित जाति महिला के लिए निर्धारित है। वार्ड 41 सामान्य महिला, वार्ड 42, 43 एवं 44 सामान्य, वार्ड 45 एवं 46 सामान्य महिला तथा वार्ड 47 अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए निर्धारित है।

■ **नगर निगम भरतपुर सहित नपा नदबई, उच्चौन, बयाना, वैर, भुसावर एवं रूपवास के वार्डों का आरक्षण निर्धारित**


भरतपुर में नगरीय निकाय चुनाव के लिए वार्डवार आरक्षण की लॉटरी सम्पन्न हुई।

## सार-समाचार

### नशा बेचने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार



**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशन में चलाये जा रहे नशा मुक्त अभियान के तहत वृताधिकारी मृत्युन्जय मिश्रा एवं मेहन्दवास थानाधिकारी रामसिह यादव के नेतृत्व में गठित विशेष टीम व डीएसटी टीम द्वारा संयुक्त रुप से कार्यवाही करते हुये क्षैत्र के सोनवा टोल प्लाजा एनएच 52 पर जाचं के दौरान मिली संदिग्ध कार की तलाशी के दौरान सीट के नीचे अवैध गांजा पाया जाने पर चालक मोहम्मद राशिद खान पुत्र मोहम्मद साजिद केसरी उम्र 26 साल निवासी गली एवज खॉ की, पाँचबत्ती बावडी थाना कोतवाली को गिरफ्तार कर कार को जप्त किया गया। इस कार्यवाही के दौरान पुलिस ने 2.014 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा को जप्त कर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है। इसी प्रकार टीम ने सोनवा टोल प्लाजा पर मोटरसाईकिल सवार एक महिला व संदिग्ध व्यक्ति पर शक होने पर टीम ने पीछा करते हुए हाईवे स्थित नायरा पेटोल पम्प के पास मोटरसाईकिल को रूकवाकर जांच करने पर मोटरसाईकिल पर रखे प्लास्टिक के कटटे मे अवैध देशी शराब के 96 पव्वे मिले। जिसके बाद आरोपी सोनु पुत्र रमेश सांसी उम्र 38 साल व महिला आरोपी मीरा देवी पत्नी सोनू सांसी उम्र 36 साल निवासी हाल चंदलाई थाना सदर टोक को गिरफ्तार किया गया है। दोनो के खिलाफ एक्साईज एक्ट में प्रकरण दर्ज कर उनके द्वारा प्रयुक्त की गई मोटरसाईकिल को जप्त किया गया है। इसी क्रम में निवाई पुलिस थाना टीम ने कार्यवाही करते हुये बीते दिन गश्त के दौरान निवाई कस्बा स्थित जमात शिवाजी कॉलोनी मोड से अवैध देशी शराब को परिवहन करते हुए आरोपी मुकेश पुत्र छीतर लाल सांसी उम्र 38 साल निवासी डांगरथल थाना निवाई को गिरफ्तार किया जाकर आरोपी के कब्जे से 53 पव्वे अवैध देशी शराब जप्त कियो गये है।

### कांवड यात्रा में शामिल हुए पूर्व विधायक रामलाल शर्मा

**चौमूं / कालाडेरा** । पवित्र श्रावण मास के पावन एवं पुण्य अवसर पर सोमवार को मालेश्वर धाम, महारकलाँ (चौमूं ) में बाबा अमरनाथ कावड़िया संघ द्वारा दिव्य एवं भव्य कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। इस धार्मिक एवं अलौकिक यात्रा में भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने सहभागिता निभाई तथा कांवड़ उठाकर शिवभक्ति का संदेश दिया। कांवड़ यात्रा के चौमूं पहुँचने पर सुभाष सर्किल पर भारतीय जनता पार्टी विधानसभा क्षेत्र चौमूं के कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के नेतृत्व में अमरनाथ कांवड़िया संघ का भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांवड़ियों के लिए जलपान की व्यवस्था की तथा उन पर पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने कहा, "जब भक्ति और अगाध आस्था से ओतप्रोत इस अलौकिक यात्रा में कांवड को अपने कांधे पर धारण किया, तो हृदय असीम आनंद और शिव-भक्ति के रस से आप्लावित हो उठा। बोल बम के जयकारों से पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया है। मैं देवाधिदेव भगवान महादेव से यही प्रार्थना करता हूँ कि वे हम सभी पर अपनी अनुकम्पा, कृपा और आशीर्वाद सदैव बनाए रखें। उन्होंने यात्रा के सफल आयोजन के लिए आयोजकों एवं बड़ी संख्या में पधारे सभी श्रद्धालुजनों का हृदय से आभार एवं अभिनंदन व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अर्चना कुमावत भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष बाबूलाल सैनी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष गजानंद कुमावत, पूर्व ज़िला उपाध्यक्ष बजरंग सोनी, नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष आशीष दुसाद, पूर्व उपाध्यक्ष कालूराम जाट, मुकेश सैनी, रमेश कुमावत, राजेश चोपड़ा, कैलाश तिवाड़ी, हजारी लाल शर्मा, बाबूलाल यादव, मोहन जलुथरिया, ओमप्रकाश कुमावत, धर्मेन्द्र बंजारा, विनोद गोदारा, अंकित ठोड, अजीत बारावल, हनुमान बागडा, गजेन्द्र यादव, महेश सेरावत सहित बड़ी संख्या में स्थानीय शिवभक्त एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जल योजनाओं में तेजी लाएं : कलेक्टर

**खैरथल।** जिले में विकास कार्यों की रफ्तार बढ़ाने के साथ आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश ने सोमवार को जिला सचिवालय में दो अहम बैठकें लीं। पहली बैठक जिला जल एवं स्वच्छता समिति की थी, जिसमें जल जीवन मिशन और अमृत 2.0 की प्रगति की समीक्षा कर समयबद्ध काम पूरा करने के निर्देश दिए। दूसरी साप्ताहिक समीक्षा बैठक में हरियालो राजस्थान अभियान, पालनहार योजना और संपर्क पोर्टल पर लंबित शिकायतों को लेकर अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने साफ कहा कि 30 दिन से अधिक लंबित हर शिकायत पर संबंधित अधिकारी को हर शनिवार जवाबदेही देनी होगी। जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में अधीक्षण अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग धर्मवीर सिंह ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत जिले में 548 ठााम स्वीकृत हैं। इनमें से 502 ठाामों के कार्यादेश जारी हो चुके हैं और अब तक 92,557 घरों में नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं। शेष 46 ठााम नॉन-फिजिबल हैं या शहरी क्षेत्र में शामिल हो गए हैं। प्रगति रिपोर्ट के अनुसार 320 ठाामों में 100 जल कनेक्शन हो चुके हैं। 105 ठाामों के हर घर प्रमाण-पत्र मिल चुके हैं। भौतिक रूप से 326 ठाामों का कार्य पूरा हो चुका है और 93 ठाामों की योजनाएं ठााम पंचायतों को हस्तांतरित भी की जा चुकी हैं।

### कलेक्टर की उपस्थिति में निकाली लाटरी

**खैरथल।** जिले की नगर पालिकाओं और नगर परिषदों के आगामी चुनावों के लिए सोमवार को जिला सचिवालय में वार्डवार आरक्षण की लॉटरी निकाली गई। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर अतुल प्रकाश की अध्यक्षता में हुई इस प्रक्रिया में एससी, एसटी, ओबीसी और सामान्य वर्ग के साथ-साथ महिला आरक्षण भी तय किया गया। जिले के 7 नगर निकायों के 230 वार्डों में आरक्षण का खाका तैयार हो गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवपाल जाट सहित विधायक और विभिन्न दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आरक्षण राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार लॉटरी पद्धित से किया गया। अब राजनीतिक दलों और संभावित उम्मीदवारों के लिए चुनावी समीकरण तय करने का रास्ता साफ हो गया है। आरक्षण सूची जारी होते ही सभी नगर निकायों में दावेदारों की धड़कनें बढ़ गई हैं। कई पुराने पार्षदों के वार्ड आरक्षित होने से उन्हें नई रणनीति बनानी पड़ेगी, तो कई नए चेहरों के लिए रास्ता खुल गया है। महिला आरक्षण के चलते महिला उम्मीदवारों की संख्या में भी इजाफा होने की उम्मीद है। जिला प्रशासन ने कहा कि आरक्षण सूची को सभी निकायों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दिया गया है। आपत्तियां निर्धारित समय में ली जाएंगी। वार्डवार आरक्षण तय होने के साथ ही खैरथल जिले में निकाय चुनावों की अनौपचारिक शुरुआत हो चुकी है। अब निगाहें चुनाव तिथि की घोषणा पर टिकी हैं।

### उत्कृष्ट कार्य पर कुमावत सम्मानित

**मनोहरपुर** । 15 अगस्त 2026 को 80 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शाहपुरा उपखंड कार्यालय में आयोजित समारोह में जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड शाहपुरा में कार्यरत सहायक अभियंता कार्यालय के कर्मी दिलीप कुमार कुमावत को विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने पर उपखण्ड स्तर पर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर उपखंड अधिकारी एवं शाहपुरा विधायक के द्वारा दिलीप कुमार कुमावत को प्रशंसा पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने कहा कि दिलीप कुमार कुमावत ने विभाग में अपनी मेहनत, ईमानदारी एवं निष्ठा से कार्य करते हुए उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं प्रदान की हैं।